# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

**Regd. Off & Works: Near Industrial Development Colony, Hisar-125005 (HRY)**
**Phone: 01662-220067,220367,220738 Fax 01662-220265**
**Email :info@hisarmetal.com, Web www.hisarmetal.com**
**CIN No: L74899HR1990PLC030937**


**July 07, 2021**

Corporate Relationship Department
Bombay Stock Exchange
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai - 400 001
**Scrip Code: 590018**
**(Category: Permitted for Trade)**

Corporate Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C-1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai – 400051
**Scrip Code: HISARMETAL**

**Sub: Newspaper Publication for Transfer of Equity Shares of the Company to the Demat Account of Investor Education and Protection Fund (IEPF) Authority**

Dear Sir / Madam

In terms of provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 ("Act") read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016; as amended from time to time ("the Rules"), the Company is required to transfer all shares in respect of which dividend has not been paid or claimed for period of seven consecutive years to the Demat account of Investor Education and Protection Fund (IEPF) Authority in the manner as prescribed under the Rules.

We hereby enclose copies of the Notice to Shareholders published in "The Financial Express" ( English-Newspaper ) and "Jansatta" ( Hindi-Newspaper ) on 06/07/2021.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Hisar Metal Industries Limited**

(Vishesh Kumar Chugh)
**Company Secretary & Compliance Officer**

**मौसम**

पूर्वानुमान: प्रदेश में आसमान साफ रहने की संभावना।
तापमान: ▲ 30.1 डिग्री, ▼ 18.1 डिग्री
सूर्योदय: 05:23 सूर्यास्त: 07:29

# सुरंग निर्माण से सुरक्षित हुईं देश की सरहदें: नड्डा

## कहा, लाहौल स्पीति के लिए साबित हुई वरदान

कुल्लू, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

'अटल सुरंग का निर्माण होने से देश की सरहदें सुरक्षित हुई हैं।' यह कहना है भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का। सोमवार को सुरंग निहारने के बाद यहां के साउथ पोर्टल में पत्रकारों से बातचीत में नड्डा ने इसे इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरंग निर्माण कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार किया है।

उन्होंने कहा कि 'अटल सुरंग देश की सुरक्षा में मजबूती का काम कर रही है। अटल जी का सपना था कि देश की सुरक्षा के लिए ऐसी सुरंग बने, जो अब पूरा हो गया है।' उन्होने कहा कि यूपीए सरकार ने सुरंग के काम को लंबा किया लेकिन मोदी की सरकार बनते ही तेजी से इस काम को पूरा किया गया। यह सुरंग लाहौल स्पीति के लिए वरदान साबित हुई है।



नड्डा ने कहा कि सुरंग बनने से मनाली और लाहौल में पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। हर रोज छः से आठ हजार वाहन यहां से गुजर रहे है। इससे पहले नड्डा ने सुरंग का निरिक्षण किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर भी उनके साथ रहे। बीआरओ के चीफ इंजीनियर वीके सिंह ने सुरंग की सभी खूबियों के बारे में नड्डा को अवगत कराया। नड्डा ने विजीटर बुक पर भी हस्ताक्षर किए तथा बीआरओ के कार्य को सराहा।

इसके बाद नड्डा सुरंग के नॉर्थ पोर्टल पर पहुंचे। जहां लाहौली लोगों ने तकनीकी शिक्षा मंत्री मार्कण्डेय के नेतृत्व में नड्डा का पारंपरिक स्वागत किया। इससे पहले नड्डा, मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर से मनाली के सासे हेलीपैड पहुंचे। सासे पहुंचने पर शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने उनका स्वागत किया। सासे में मनाली मण्डल और नगर परिषद मनाली की ओर से भी स्वागत किया गया।

# अभी हमारे समक्ष आएंगी कई चुनौतियां: जय राम

## कहा, लोस उपचुनाव की तैयारियों में जुट जाएं मंडी के पदाधिकारी

कुल्लू, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

'अभी हमारे सामने कई चुनौतियां आएंगी, वर्ष 2022 में हम एक बार फिर उभर कर आएंगे।' मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कुल्लू के देवसदन में मंडी संसदीय क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा उपचुनाव नजदीक हैं इसलिए सभी लोग तैयारियों में जुट जाओ।

जय राम ने नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि 'नड्डा हमारे बीच में हैं और मैं उनका स्वागत करता हूं। हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष को हिमाचल में मेहनत करते देखा है और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि वह आज देश के सबसे बड़ी राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।' जय राम ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि '2022 भाजपा का हो इसके लिए अभी से तैयार हो जाएं। उन्होंने कहा कि पहले भी हमने नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत में बेहतर प्रदर्शन किया है।'

जय राम ने कहा कि आने वाले तीनों उपचुनावों में हम पूरी ताकत लगाएंगे और तीनों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन बेहतर तालमेल है। तीन साल में सरकार व संगठन द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया इस दौरान कोविड-19 की चुनौतियां भी हमारे सामने थी फिर भी हमने चुन्नौतियों का सामना किया उन्होंने कहा कि जुलाई अगस्त तक पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य पूरा हो जाएगा। इससे गांव गांव में योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। लोगों को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# शिक्षकों के खिलाफ अपनी अभद्र टिप्पणी पर माफी मांगे महेंद्र: राठौर

## कहा, एक मंत्री ने शिक्षकों का नहीं, सारे समाज का किया अपमान

शिमला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह से शिक्षकों के खिलाफ उनकी अभद्र टिप्पणी पर माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि एक मंत्री ने शिक्षकों का ही नहीं अपितु सारे समाज का अपमान किया है। उनके बयान से शिक्षकों के प्रति छात्रों में भी एक गलत और उनका अपमानजनक संदेश गया है जो सहन नहीं किया जा सकता।

राजधानी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राठौर ने कोरोना काल में शिक्षकों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवाओं को देखते हुए सरकार ने उन्हें प्रथम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं का दर्जा दिया है। राठौर ने कहा कि कोरोना काल मे शिक्षकों ने पूरी ईमानदारी के साथ अपना दायित्व निभाते हुए ऑनलाइन कक्षाएं लेकर बच्चों को पढ़ाया है ऐसे में मंत्री के बयान ने उनके मनोबल पर विपरित असर डाला है। उनका बयान पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना और उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है।

राठौर ने कहा है कि महेंद्र सिंह हमेशा ही सुर्खियों में रहने के लिये अनाप शनाप बयानबाजी करते रहते है। अधिकारियों, कर्मचारियों व आम लोगों को डराना धमकाना उनकी आदत है। पहले उन्होंने मुख्य सचिव के साथ बदसलूकी की। चुने हुए विधायक का इस प्रकार का आचरण व व्यवहार बहुत ही निदनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से इस बारे में कड़ा संज्ञान लेने और अपने इन नेताओं को अपनी हद में रखने की सलाह देते हुए कहा है कि कांग्रेस भाजपा नेताओं के इस आचरण की भर्त्सना करती है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के उस बयान में भी, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के बिखराव की बात कही है पर प्रतिकार करते हुए कहा कि उन्हें कांग्रेस की नहीं अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए।

वहीं, कांग्रेस महासचिव एवं विधायक विक्रमादित्य सिंह ने भी आइपीएच मंत्री की शिक्षकों के खिलाफ की गई सार्वजनिक टिप्पणी की कड़ी आलोचना करते हुए उनसे शिक्षकों से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की मांग की है। **बिलासपुर:** जिला कांग्रेस महासचिव संदीप सांख्यान ने मंत्री के बयान की निंदा करते हुए कहा कि वरिष्ठतम मंत्री शायद यह भूल गए है कि शिक्षक हर जीवन का आधार होते है और उनके बारे में ऐसी टिप्पणी करना उनकों यह कहना शोभा नहीं देता।

### रफाल पर जेपीसी जांच की मांग

राठौर ने केंद्र सरकार द्वारा रफाल खरीद घोटाले पर जेपीसी जांच की मांग करते हुए फ्रांस सरकार की ओर से इस मामले की न्यायिक जांच शुरू करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि रफाल सौदे में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है और जांच के बाद अब सच सामने आएगा। राठौर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस नेताओं ने रफाल सौदे की जेपीसी मांग की थी, पर सरकार ने नहीं मानी। उन्होंने कहा कि अब फ्रांस सरकार की ओर से शुरू की गई जांच के बाद अब इसमें हुए भ्रष्टाचार की पूरी पोल खुलेगी और इस भ्रष्टाचार में शामिल भाजपा नेताओं की पूरी पोल खुलेगी।

### 'भाजपा नेताओं का हाथ'

राठौर ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने देश की सुरक्षा से खिलवाड़ व समझौता किया है। उन्होंने कहा कि रफाल सौदे में भाजपा नेताओं का लेनदेन में हाथ है। यही वजह रही कि रफाल की देखरेख व रखरखाव का पूरा काम अनिल अंबानी की रिलायंस कंपनी को दिया गया है जिसका इस क्षेत्र में कोई भी अनुभव नहीं है।

# हाई कोर्ट ने 10वीं की मेरिट सूची जारी करने को लेकर लगाई पाबंदी

शिमला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

प्रदेश हाई कोर्ट ने दसवीं के परिणाम को घोषित करने को हरी झंडी दे दी है लेकिन मेरिट सूची जारी करने को लेकर पांबदी लगा दी है। अदालत से हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने दसवीं का परिणाम घोषित कर दिया।

सुजानपुर टीहरा के एक छात्र की ओर से दायर याचिका सुनवाई के दौरान प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि कुमार मलिमठ और ज्योत्सना रेवाल दुआ की खंडपीठ ने दसवीं की परीक्षा का परिणाम घोषित करने पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। इस छात्र ने अपनी याचिका में कहा था कि कोविड की वजह से वह पेपर नहीं दे सका था। अगर वह पेपर दे पाता तो मेरिट सूची में आ जाता। इस पर शिक्षा बोर्ड की ओर से कहा गया कि बोर्ड ने कोविड की वजह से जो छात्र परीक्षा नहीं दे पाए थे व जो परीक्षा देना चाहते थे, उन्हें बोर्ड ने परीक्षा देने का मौका देना था लेकिन कोविड का संकट बढ़ गया और बोर्ड ऐसा नहीं कर पाया। बोर्ड ऐसे तमाम छात्रों की परीक्षा लेने को तैयार है जो परीक्षा देना चाहते है।

इस पर खंडपीठ ने बोर्ड को आदेश दिए कि वह परिणाम घोषित कर दे लेकिन मेरिट सूची अभी जारी नहीं करे। खंडपीठ ने कहा कि कोविड की वजह से परीक्षा न देने वाले छात्रों की से पेपर करवाए जाए और उसके बाद मेरिट सूची जारी की जाए। हालांकि अदालत ने मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई निर्धारित कर दी है।

याद रहे कि प्रदेश सरकार ने दसवीं के सभी छात्रों को पास करने का फैसला लिया था व मेरिट निकालने का एक फार्मूला भी निकाला था। लेकिन बहुत से छात्र इससे सहमत नहीं थे। इन छात्रों का कहना था कि इस फार्मूले के आधार पर उनकी मेरिट पर असर पडेगा। वह पेपर देने का तैयार है। महाधिवक्ता अशोक शर्मा ने कहा कि अदालत ने शिक्षा बोर्ड को मेरिट सूची जारी न करने के आदेश दिए है।

# वीरभद्र का हालचाल जानने दौरा छोड़ राजधानी पहुंचे नड्डा

शिमला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने बिलासपुर व कुल्लू के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज, सोमवार को अचानक अपना दौरा बीच में छोड़कर राजधानी शिमला का रुख किया व वह दोपहर को पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का कुशल क्षेम पूछने इंदिरा गांधी मेडिकल अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल, वन मंत्री राकेश पठानिया समेत कई नेता भी अस्पताल पहुंच गए।

इस दौरान नड्डा ने वीरभद्र सिंह का इलाज कर रहे डाक्टरों से वीरभद्र सिंह के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में वीरभद्र सिंह के पारिवारिक सदस्यों उनकी पत्नी व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह और पुत्र विक्रमादित्य सिंह से भी उनका कुशलक्षेम पूछा। लौटते हुए नड्डा ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के स्वस्थ होने को लेकर कामना की है व डाक्टरों ने उन्हें बताया कि वह पूरी ताकत से वीरभद्र को स्वस्थ करने के लिए जोर लगाए हुए है। इसके बाद नड्डा कुल्लू के लिए लौट गए। नड्डा इससे पहले भी अपने पूर्व प्रदेश दौरे के दौरान वीरभद्र सिंह को उनके आवास हालीलॉज में मिलने गए थे। मुख्यमंत्री भी अकसर वीरभद्र सिंह का कुशल क्षेम पूछते रहे हैं।

# काजा में खेल गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

कुल्लू, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

काजा उपमंडल के तहत खेल गतिविधियों को लेकर समीक्षा बैठक युवा सेवाएं एंव खेल विभाग के सचिव डॉ. एसएस गुलेरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने संबधित अधिकारियों को विभागों को तीव्र गति से खेल विभाग में चल रहे विकास कार्यो को पूरा करने के बारे में निर्देश किए गए।

डॉ. गुलेरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री की बजटीय घोषणा के तहत हाइ एल्टीटयूड स्पोर्टस ट्रेनिंग सेंटर 16.38 करोड़ रुपए में बनेगा। इसके लिए अभी 1.3 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस केंद्र में हॉस्टल की सुविधा भी होगी जिसमें स्नो बोर्ड, आइस क्लाईम्बिंग, आइस हॉकी, आइस स्केटिंग आदि के खिलाड़ी ठहर सकेंगे। यहां पर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तरीय की खेल प्रतियोगिताएं करवाने पर बल दिया जाएगा। सेंटर में टेनिस कोर्ट, बॉलीवाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, कैंटीन की सुविधा भी होगी।

डॉ.गुलेरिया ने कहा कि विश्व स्तरीय इंडोर आइस हॉकी रिंक 30 करोड़ रुपए में बनना प्रस्तावित है जबकि इसके लिए एक करोड़ रुपए बीएडीपी के तहत और 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव अनुच्छेद 275 के तहत प्रदेश सरकार को भेजा गया है। यह रिंक हिमालयन क्षेत्रों में बने रिंक से सबसे अलग और अनोखा होगा। इस बार काजा में राष्ट्रीय स्तरीय आईस हॉकी प्रतियोगिता काजा में होने जा रही है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर प्रशासन को निर्देश दिए गए है कि तुरंत सारी व्यवस्थाएं तैयार की जाएं। इसके साथ ही केबिनट मंत्री ने लोसर और सगनम में आईस हॉकी रिंक बनने की घोषणा की है।

# एक दिन में 158 नए संक्रमित, एक की गई जान

शिमला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण से आज, सोमवार को एक मौत हुई है और संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा 3,468 तक पहुंच गया है। इसके अलावा आज प्रदेश में 158 नए मामले सामने आए है और 165 मरीज ठीक होकर घर चले गए हैं। प्रदेश में कोरोना से संक्रमित होने वाले मरीजों का आंकड़ा दो लाख दो हजार 800 तक पहुंच गया है। इनमें से अब तक 1 लाख 97 हजार 943 मरीज ठीक हो चुके है। प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा घट कर 1,357 तक पहुंच गया है।

स्वस्थ्य विभाग के मुताबिक बीती रात से लेकर अब तक प्रदेश के जिला मंडी में कोरोना संक्रमित एक मरीज ने दम तोड़ा है। इस 39 साल के मरीज को उच्च रक्तचाप और मधुमेह की शिकायत थी। बाद में इसे कोविड हो गया व दिल की गति रुकने की वजह से इसकी मौत हो गई। मंडी में कोरोना संक्रमण से अब तक 391 मौतें हो चुकी है।

### पिछले एक सप्ताह में पॉजीटिविटी दर 1.14 फीसद दर्ज

**शिमला:** प्रदेश में 28 जून से 4 जुलाई तक के सप्ताह के दौरान कोविड के 977 पॉजीटिव मामले और पॉजीटिविटी दर 1.14 फीसद दर्ज की गई। यह जानकारी प्रदेश के सरकारी प्रवक्ता ने आज, सोमवार को यहां दी। उन्होंने बताया कि इसी अवधि के दौरान जिला बिलासपुर में पॉजीटिविटी दर 0.82 फीसद रही। चंबा पॉजीटिविटी दर 2.05, हमीरपुर में 0.65, कांगड़ा में 1.22, किन्नौर में 2.34 फीसद रही। कुल्लू में पॉजीटिविटी दर 1.10, लाहौल-स्पीति में 2 फीसद, मंडी में 3.19, शिमला में 1.60, सिरमौर में 0.42, सोलन में 0.34 और जिला ऊना में पॉजीटिविटी दर 0.81 फीसद दर्ज की गई। इसी अवधि के दौरान प्रदेश में केवल 10 कोरोना मरीजों की मृत्यु दर्ज की गई हैं।


**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**E-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Shimla, Division No. I, HPPWD, Shimla-3, H.P on behalf of Governor of H.P invites the item rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No | Name of Work | Estimated Cost | Starling date for Downloading Bid | Earnest Money | Deadline for submission of Bid | Time Allowed |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Maintenance of kotiPiran road km. 0/00 to 28/020 (SH;- Providing renewal coat of 30mm thick bituminous concrete at km. 12/00 to 15/00)(Under PMGSY-Incentive 2020-2021). | 5623009/- | 14-07-2021 | 110000/- | 22-07-2021 | 30 days |
| 2 | C/O Dhamechi to Bhad road km. 0/00 to 2/00 (SH;- M/T in left out portion). | 975700/- | 14-07-2021 | 20000/- | 22-07-2021 | 60 days |

**The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptender.gov.in**
The executive Engineer reserves the right to accept/reject any tender/application or all tenders without assigning any reason.
2137/HP



**हिसार मेटल इंड्स्ट्रीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय एवं कार्य: नियर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉलोनी, हिसार-125005 (हरियाणा)
फोन: 01662-220067, 220367, 220738, फैक्स: 01662-220265
ई-मेल: info@hisarmetal.com, vchugh@hisarmetal.com, वेब: www.hisarmetal.com
सीआईएन: L74899HR1990PLC030937

**शेयरधारकों के लिए सूचना**

**निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण के डिमेट खाते में कंपनी के इक्विटी शेयरों का अंतरण**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि प्राधिकरण (लेखाकरण, लेखापरीक्षा, अंतरण एवं वापसी) नियम, 2016; समय-समय पर यथासंशोधित ("नियम") के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124(6) के प्रावधानों के संदर्भ में, कंपनी को नियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि प्राधिकरण (आईईपीएफ) प्राधिकरण के डिमेट खाते में उन सभी शेयरों का अंतरण करना अनिवार्य है जिन पर निरतर सात वर्षों की अवधि से लाभांश का भुगतान नहीं लिया गया है या भुगतान का दावा नहीं किया गया है।

कथित नियमों के अनुपालन में, कंपनी उन संबंधित शेयरधारकों से व्यक्तिगत रूप से पत्राचार कर रही है जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में अंतरित किये जाने के लिए योग्य हैं। कंपनी के अपनी वेबसाइट www.hisarmetal.com पर ऐसे सभी शेयरधारकों के विवरण अपलोड किये जा रहे हैं जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में अंतरित किये जाने के लिए योग्य हैं। शेयरधारक कृपया नोट करें कि कंपनी नियमों के निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर नियत तिथि अर्थात 24 अक्टूबर, 2021 से 30 दिनों की अवधि के भीतर संबंधित शेयरों चाहे वह भौतिक प्रारूप में हो या डिमेट प्रारूप में, आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में अंतरित कर देगी।

भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक जिनके शेयर अंतरित किये जाने हैं, कृपया नोट करें कि कंपनी आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में अंतरण के प्रयोजन हेतु उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के स्थान पर डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) को जारी करेगी और डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) जारी होने के बाद मूल शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) जो उनके नाम पंजीकृत हैं, स्वतः ही निरस्त एवं गैर-विनिमेय हो जाएंगे। शेयरधारक कृपया नोट करें कि कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किये गए विवरणों को ध्यान में रखा जाए और नियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कंपनी द्वारा आईईपीएफ प्राधिकरण को शेयरों के अंतरण के प्रयोजन हेतु डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के संबंध में पर्याप्त सूचना माना जाए। डिमेट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक जिनके शेयर अंतरित किये जाने हैं, कृपया नोट करें कि कंपनी आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में ऐसे शेयरों के अंतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्य के माध्यम से उन डिपॉजिटरी को सूचित करेगी जहां संबंधित शेयरधारकों का अपना खाता है।

संबंधित शेयरधारकों से एतद्द्वारा हमारे आरटीए या कंपनी के पास आवेदन करके वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान घोषित लाभांश और उसके बाद और जो अदावाकृत व अप्रदत्त रहता है का दावा करने के लिए अनुरोध किया जाता है और ऐसा नहीं करने पर उनके शेयर आईईपीएफ को अंतरित कर दिये जाएंगे।

शेयरधारकों कृपया नोट करें कि आईईपीएफ को अंतरित की गई अदावाकृत लाभांश राशि और आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में अंतरित किये गए शेयरों और ऐसे शेयरों पर उपार्जित सभी लाभ, यदि कोई हो, को वापिस पाने के लिए नियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर आईईपीएफ प्राधिकरण के पास अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इस विषय पर किसी भी जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए कृपया कंपनी को vchugh@hisarmetal.com पर लिखे अथवा आरटीए स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि., डी-153/ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020, फोन: 011-64732681-88, ई-मेल: admin@skylinerta.com से सम्पर्क करें।

कृते हिसार मेटल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(विशेष कुमार चुघ)
कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी

स्थान : हिसार
दिनांक: 05 जुलाई 2021


### अंतिम चरण में क्लस्टर विवि भवन निर्माण का कार्य

मंडी, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

सरदार वल्लभभाई पटेल क्लस्टर विश्वविद्यालय, मंडी के भवन के निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। इसे अगले दो महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। ताकि सितंबर तक मुख्यमंत्री जय राम से भवन का विधिवत लोकार्पण करवाया जा सके। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एचएएस अधिकारी राजीव कुमार ने एक संयुक्त दल के साथ विवि भवन के निर्माण कार्य के निरीक्षण के उपरांत यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भवन में क्लास रूम, प्रयोगशालाएं, बहुउद्देशीय सभागार तथा प्रशासनिक खंड का निर्माण किया जा रहा है।

# निंदनीय है आइपीएच मंत्री का बयान

कुल्लू, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

कुल्लू दौरे के दौरान जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह द्वारा शिक्षकों के लिए अपमानजनक बयान पर पूरे प्रदेश के शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की है। मंत्री का वीडियो वायरल होते ही इसके विरोध में इंटरनेट मीडिया में खूब हल्ला मचा है। एक ओर जहां शिक्षकों ने मंत्री के बयान की निंदा की है वहीं, विभिन्न सामाजिक संगठन भी शिक्षकों के पक्ष में उतर रहे हैं।

राजकीय सीएंडवी शिक्षक संघ जिला कुल्लू ने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। संघ के जिलाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा जलशक्ति मंत्री ने मंच पर जहां पर शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी मौजूद थे, के सामने शिक्षकों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित पूरे मंत्रिमंडल ने शिक्षकों द्वारा कोरोनाकाल में किये गये अभूतपूर्व कार्य के लिए उन्हें फ्रंटलाईन वर्कर घोषित किया वहीं, दूसरी ओर जलशक्ति मंत्री चर्चा में बने रहने के लिए सरकार के ही फैसले की खिल्ली उड़ा रहे हैं जोकि निंदनीय है और इससे सरकार का भी अपमान है।

संघ के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षकों ने कोरोनाकाल में कोविड सेंटर, राज्य की सीमाओं तथा विभिन्न बैरियरों में डाटा एंट्री के साथ-साथ पंचायतों में भी रात-दिन रजिस्ट्रेशन का कार्य किया है और मंत्री यह कहकर शिक्षकों को अपमानित कर रहे हैं कि शिक्षकों ने तो कोरोनाकाल में मजे किए हैं। संघ के जिला मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार शिक्षकों ने कोरोना के कठिन दौर में बिना किसी प्रशिक्षण के ऑनलाईन पढ़ाई करवाई है जिसे पूरे देश में सराहा गया परंतु जलशक्ति मंत्री ने असभ्य भाषा का इस्तेमाल करके शिक्षकों को ही नहीं बाकि पूरे शिक्षा जगत को अपमानित किया है जो असहनीय है।

# शिक्षा बोर्ड की तर्ज पर हो कॉलेज छात्रों को प्रोन्नत करने का फैसला: अग्निहोत्री

धर्मशाला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कॉलेज छात्रों को अगली कक्षाओं में प्रोन्नत करने के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड की तर्ज पर ही फैसला होना चाहिए था। सोमवार को ऊना जिला मुख्यालय के नगरपालिका मैदान में इस बाबत युवा कांग्रेस और एनएसयूआइ छात्र संघ की ओर से दिए जा रहे धरने में अग्निहोत्री शिरकत करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि बिना टीकाकरण के छात्रों को परीक्षाओं में धकेलने जाने का सरकार का फैसला उचित नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि एक तरफ जहां शैक्षणिक व्यवस्था का ढांचा पूरी तरह से बिगड़ चुका है और सरकार बिना टीके के छात्रों के इम्तहान लेने पर आमादा है।

इस दौरान शिक्षकों पर दिए गए विवादित बयान को लेकर मुकेश ने जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर को भी खूब लताड़ लगाई और कहा कि बिना देरी किए महेंद्र को सार्वजनिक रूप से शिक्षक वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्री जहां अपने विभागीय कर्मचारियों की पीठ थपथपाते नहीं थकते वहीं दूसरे विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों पर विवादित बयान देकर उनका मनोबल तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोविड के विकट हालात में कई शिक्षक कर्तव्य का निर्वाह करते हुए प्राणों की आहुति दे चुके हैं। इतना ही नहीं सरकार की दर्जनों योजनाएं ऐसी हैं जो शिक्षकों के बिना धरातल पर नहीं पहुंच पाती।

अग्निहोत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार के सरकारी सर्वेक्षण या फिर कोई भी चुनावी प्रक्रिया कभी शिक्षकों के बगैर पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में सरकार के कद्दावर मंत्री महेंद्र का शिक्षकों के खिलाफ दिया गया यह बयान उनका अपमान करने के बराबर है। मुकेश का कहना है कि इस बयान के लिए मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर और मंत्री महेंद्र सिंह को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर ऊना सदर के विधायक सतपाल रायजादा भी मौजूद थे।

## खबर कोना

### मुख्यमंत्री आज मंडी में

मंडी, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर 6 जुलाई को मंडी में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। यह जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त मंडी संजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री 6 जुलाई को प्रातः 11 बजे मंडी पहुंचेगे। वे परिधि गृह मंडी में जल शक्ति तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला में किए जा रहे मुख्य विकासात्मक कार्यों की समीक्षा के लिए अधिकारियों की बैठक लेंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह में ही होगा। मुख्यमंत्री का 7 जुलाई को प्रातः 9.15 बजे शिमला के लिए प्रस्थान का कार्यक्रम है।

### जुर्माना वसूला

धर्मशाला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

प्रदेश के आबकारी महकमे ने ऊना जिले के पंडोगा नाके में बीती रात को बिना कागजात के 7 लाख की चांदी ले जाने वालों से 42 हजार का जुर्माना वसूला है। जानकारी के मुताबिक निरीक्षक प्रदीप ठाकुर ने पंजाब के होशियारपुर शहर से एक कार की तलाशी ली तो चालक की सीट के नीचे से मिले एक बड़े पैकेट में बिना बिल के दस किलो चांदी के टुकड़े बरामद किए।

### ढाई किलो चरस समेत दो गिरफ्तार

धर्मशाला, 5 जुलाई (जनसत्ता)।

चंबा पुलिस ने सोमवार को चुराह घाटी में गश्त के दौरान जसोरगढ़ के जीरो पॉइंट दो व्यक्तियों को ढाई किलो चरस के साथ काबू किया है। पकड़े गए चरस तस्करों में घाटी के कंडोग गांव का नरेण सिंह और ढिडवास का रहने वाला कर्म सिंह शामिल है। दोनों आरोपियो के खिलाफ तीसा थाने में पुलिस ने मादक द्रव्य अधिनियम की धारा 20 व 29 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


www.readwhere.com Chandigarh